# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2024-25)

**CLASS : 9th(Secondary)** **Code NO.001**

**Series : Sec/Annual -2025**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

| SAT - A |
|---|

## हिन्दी

(Academic / Open)

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

समय : 3 घंटे ] [ पूर्णांक : 80

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7.तथा 14 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

### *सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

नमूना प्रश्न पत्र
कोड न.2501
कक्षा 9

समय : 3 घंटे | कुल अंक : 80

नोट :(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए हैं।

## खंड (क)

प्रश्न 1 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तरपुस्तिका मे लिखिए। 1x7=7

(क) चारू चंद्र की चंचल किरणें में _______अलंकार है।
(i) उपमा (ii) श्लेष
(iii) रूपक (iv) यमक अनुप्रास

(ख) निराकरण मे उपसर्ग है।
(i) निर् (ii) नि
(iii) नी (iv) नर्

(ग) जल्दी-जल्दी शब्द है
(i) क्रिया विशेषण (ii) संज्ञा
(iii) सर्वनाम (iv) विशेषण

(घ) सरिता का पर्यायवाची है
(i) इच्छा (ii) जोश
(iii) उद्यान (iv) नदी

(ड) उर्दू भाषा की लिपि का नाम है
(i) फ़ारसी-अरबी (ii) ब्राह्मी
(iii) गुरुमुखी (iv) रोमन

(च) पूर्णिमा का विलोम बताइए

(i) अस्त — (ii) अमावस्या

(iii) उदय — (iv) इति

(छ) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक समूह को _______ कहते हैं ।

(i) शब्द — (ii) समास

(iii) अर्थ — (iv) वाक्य

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए। 2×4=8

(क) र की मात्रा का प्रयोग करते हुए कोई दो शब्द बनाइए।

(ख) मुहावरों का अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए

i. अंक लगाना
ii. पानी-पानी होना

(ग) तत्पुरुष समास किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(घ) विकारी शब्द की उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 1x5=5

(क) प्रदूषण

(ख) परोपकार

(ग) आज की नारी

(घ) स्वदेश प्रेम

(च) इंटरनेट

प्रश्न 4 अपनी कक्षा में प्रथम आने की सूचना अपने पिता जी को पत्र द्वारा दीजिए।

अथवा 5

अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को खेल सामाग्री उपलब्ध करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

## खंड (ख)

प्रश्न 5 क्षितिज (काव्य खंड )के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी पुस्तिका मे लिखिए। 1×6=6

(क) काशी किसका पवित्र स्थान है?

(i) हिन्दुओं का (ii) सिक्खों का

(iii) मुसलमानों का (iv) ईसाइयों का

(ख) कवयित्री ललद्यद ने उतराई किसे माना है?

(i) शिव (ii) राम

(iii) कृष्ण (iv) हनुमान

(ग) कवि रसखान पशु, पक्षी तथा पत्थर बनने में किसका सानिध्य चाहता है?

(i) राम (ii) सीता

(iii) राधा (iv) कृष्ण

(घ) "कैदी और कोकिला" कविता के कवि का नाम बताइए।

(i) माखन लाल चतुर्वेदी (ii) प्रेमचंद

(iii) सर्वेश्वर दयाल (iv) जयशंकर प्रसाद

(ङ) तम का शासन किसे कहा गया है?

(i) अंधेरे का शासन (ii) अंग्रेजी शासन

(iii) धूप का शासन (iv) इनमे से कोई नहीं

(च) "बच्चे काम पर जा रहे है" कविता के कवि हैं

(i) सुमित्रानंदन पंत (ii) केदारनाथ अगग्रवल

(iii) राजेश जोशी (iv) रसखान

प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x5=5

मोको कहाँ ढूंढे बंदे, मैं तो तेरे पास में।
न मैं देवल न मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।
न तो कोन क्रिया – क्रम में, नहीं योग वैराग में।
खोजी होय तुरंत मिलिहौं, पलभर की तलास में।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, सब स्वासों की स्वास में।

(क) प्रस्तुत काव्याँश के कवि कौन है?

(ख) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूंढ़ता है?

(ग) ईश्वर को प्राप्त करने के लिए मनुष्य क्या क्या करता है।
(घ) ईश्वर कहाँ व्याप्त है?
(ड) ईश्वर को प्राप्त करने के लिए कितना समय चाहिए?

प्रश्न 7. कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है?

अथवा 3

ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य लिखिए। 3

तेरे गीत कहावें वाह, रोना भी है मुझे गुनाह!
देख विषमता तेरी मेरी, बजा रही तिस पर रणभेरी!

प्रश्न 9. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है? 3

खंड (ग)

प्रश्न 10 क्षितिज (गद्य खंड) के आधार पीआर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए 1×6=6

(क) हीरा और मोती के मालिक का नाम क्या है?
(i) झूरी (ii) पछाई
(iii) गया (iv) दढ़ियल

(ख) ल्हासा की ओर पाठ के लेखक का नाम बताइये
(i) राहुल सांकृत्यायन (ii) श्याम चरण दुबे
(iii) प्रेमचंद (iv) जाबिर हुसैन

(ग) उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ में लेखक ने किसे सावधान किया है?
(i) अध्यापकों को (ii) छात्रों को
(iii) आम जनमानस को (iv) विज्ञापन बनाने वालों को

(घ) सालिम अली केरल की किस वैली को रेगिस्तान हवा से बचाना चाहते थे?
(i) केरल वैली (ii) बर्ड वैली
(iii) साइलेंट वैली (iv) होली

(ड) प्रेमचंद के जूते किस विधा की रचना है?

(i) निबंध (ii) लेख

(iii) व्यंग (iv) कविता

(च) महादेवी वर्मा को छात्रावास में कौन सी लड़की मिली थी?

(i) सुभद्रा कुमारी चौहान (ii) जेबुनिंस्सा

(iii) मृदुला गर्ग (iv) माधुरी

प्रश्न 11 हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती। न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से। भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों। पीजा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य। समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है। जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और अशांति को जन्म दे रहा है। जैसे-जैसे दिखावे की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशांति भी बढ़ेगी। हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्य-भ्रम से भी पीड़ित हैं। विकास के विराट उद्देश्य पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं। मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं। व्यक्ति केंद्रकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है। भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं। किस बिंदु पर रुकेगी यह दौड़? 1x5=5

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ख) किसका अपव्यय हो रहा है?

(ग) जीवन स्तर का बढ़ता अंतर किसको जन्म दे रहा है?

(घ) नैतिक मानदंड की स्थिति क्या है?

(ड) कूड़ा खाद्य किसे कहा गया है?

प्रश्न 12 मुंशी प्रेमचन्द अथवा राहुल सांकृत्यायन का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवम भाषाशैली पर प्रकाश डालिए। 5

प्रश्न 13 किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2+2=4

(क) ल्हासा की और पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए|

(ख) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया?

(ग) "जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है, अब तो जूते की कीमत और बढ़ गयी है, और एक जूते पर पच्चीसों टोपियां न्योछावर होती है।" पंक्तियों में निहित व्यंग को स्पष्ट कीजिय।

## खंड -घ

प्रश्न 14 कृतिका (भाग 2) के आधार पर निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

(क) शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की - समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है तर्क सहित उत्तर दीजिय।

अथवा 3

रीढ़ की हड्डी एकांकी का क्या उद्देश्य है?

(ख) मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों? 2

(ग) लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही? 2

प्रश्न 15 आदर्श जीवन मूल्य माध्यमा के आधार पर निम्नलिखित किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए 2×4=8

(क) अर्जुन को श्रीकृष्ण का आश्रय क्यों मिला?
(ख) गीता हमे क्या सिखाती है?
(ग) सज्जन लोग अपने गुरुजनों और श्रेष्ठजनों के पास क्यों गया?
(घ) बुद्धदेव ने आपसी शत्रुता समाप्त करने के लिए क्या उपाय सुझाया?
(ड) मनुष्य के जीवन की सार्थकता किसमें हैं?